प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्व पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम

पंतनगर। 22 अप्रैल 2022। विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय में चल रही अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–कृषि एवं महिलाएं द्वारा भारत का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आज वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम जे.यू. एग्री साइंस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया। इसके अन्तर्गत मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र में अंजीर, आम, अमरूद, करौंदा आदि के पौधे लगाये गये। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम व पर्यावरण संतुलन करना, पृथ्वी को हरा–भरा बनाना एवं आम जनता को स्वस्थ वातावरण में रहने के लिए प्रोत्साहित करना था। हरी–भरी प्रकृति एवं कृषि का मानव जीवन में विशेष महत्व है। विश्व पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम कर समस्त परिसरवासियों को पर्यावरण संरक्षण एवं पृथ्वी को प्रदूषण से बचाने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डा. दीपा विनय, डा. मनीषा गहलोत, डा. प्रमोद मल्ल, डा. सीमा क्वात्रा, डा. पूनम तिवारी, डा. सुनीता शर्मा, डा. वीनू आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम में वृक्षारोपण करते वैज्ञानिक एवं अन्य।